www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

सुविचार



कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा देने वाले श्रेष्ठ गुण हैं। जो साहस के साथ उनका सामना करते हैं, वे विजयी होते हैं।

- लोकमान्य तिलक

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

■ अवैध कॉम्प्लेक्स तोड़ने पर पथराव, दो अधिकारी घायल II
■ सिविल अस्पताल को मिला 108 यूनिट रक्त III
■ हाईकोर्ट ने नियुक्ति पत्र जारी करने पर लगाई अंतरिम रोक IV

## शहर में आज



- गोमती नगर विभूति खंड में स्थित होटल हिल्टन गार्डन इन में यूपी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव – 9:30 बजे से।
- राज्य ललित कला अकादमी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से प्रेरित नारी स्वावलंबन पर आधारित महिला चित्रकार शिविर– 11:00 बजे से।

☞ 'पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# अनुरक्षण शुल्क दबाए बैठे आवंटी, सोसाइटी के कार्य बाधित

- एलडीए की जनता अदालत में ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए ने की शिकायत
- उपाध्यक्ष ने 15 प्रकरणों में तीन का मौके पर किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को आयोजित जनता अदालत में उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सुनवाई की। इस दौरान गोमती नगर स्थित ग्रीनवुड अपार्टमेंट के रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के पदाधिकारी सौरभ पटेल ने विकास में बाधा बने आवंटियों की शिकायत की। बताया कि कुछ आवंटी अनुरक्षण शुल्क नहीं दे रहे हैं। इस कारण सोसाइटी के कार्य बाधित हैं। इसके अलावा ई, एफ एवं जी ब्लॉक के निवासियों की असुविधा को देखते हुए पार्क में आने-जाने के लिए एक अतिरिक्त गेट का निर्माण कराया जाए। उपाध्यक्ष ने सक्षम अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा राजा बाजार निवासी नितिन एवं राजेश रस्तोगी ने प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि उन्हें गोमती नगर विस्तार स्थित सुलभ आवास योजना में 2 फ्लैट आवंटित हुए थे। दोनों की रजिस्ट्री मई 2025 में हो गयी थी, लेकिन अभी तक भवन पर कब्जा नहीं मिला है। इस पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता को एक सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

नेहरू इन्क्लेव से आए लोगों ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की गुहार लगाई। बताया कि घरों में चोरी का डर रहता है। बाइक चोरी की घटनाएं हो रही है। उपाध्यक्ष ने कहा कि योजना नगर निगम को हैंडओवर की गई है। संबंधित विभाग समाधान करेगा। इस दौरान रजिस्ट्री, मानचित्र व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त आए। तीन प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम, उपसचिव माधवेश कुमार, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण एवं रवि नंदन सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।



गोमती नगर स्थित एलडीए कार्यालय में जनता अदालत में सुनवाई करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

## पल्मोनरी विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष बने डॉ. सूर्यकान्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने वैश्विक स्वास्थ्य अनुसंधान के अनुरूप चिकित्सा उपकरणों की प्राथमिकता सूची तैयार करने के लिए पल्मोनरी विषय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. सूर्यकान्त को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानन्द ने डॉ. सूर्यकान्त को बधाई दी और बेहतर सेवाओं की उम्मीद जताई है।

## सिटी ब्रीफ

### कल शुरू होगी एलडीए की ओटीएस योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण 18 अप्रैल से तीन माह के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शुरू कर रहा है। संपत्ति के बकायेदार योजना का लाभ पाकर बकाया जमा कर सकेंगे। कार्यालय परिसर में कॉल सेंटर और आईटी सेल से बकायेदारों को फोन, ईमेल व एसएमएस भेज रहे हैं। आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियां, सरकारी संस्थाओं को आवंटित सम्पत्तियां, स्कूल भूखंड, चैरिटेबल संस्था, मानचित्र एवं शमन मानचित्रों के बकायेदार, नीलामी अथवा अन्य पद्धति से आवंटित संपत्तियां व सहकारी आवास समितियों को आवंटित संपत्तियां बकाया जमा किया जाएगा। दंड ब्याज से छूट दी जाएगी।

### ट्रॉमा सेंटर में सर्वर ठप, मरीज बेहाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार दोपहर सर्वर ठप होने से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक बजे तकनीकी खराबी आने के बाद पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी और पंजीकरण सेवाएं प्रभावित हो गईं। सर्वर बंद होते ही पैथोलॉजी काउंटर से लेकर गैलरी तक तीन से चार लंबी कतारें लग गईं, जिससे अव्यवस्था फैल गई। नमूना जमा करने, जांच रिपोर्ट लेने और शुल्क जमा करने वाले काउंटरों पर भी भीड़ बढ़ गई। रेडियोलॉजी जांचें भी प्रभावित रहीं, जिससे रिपोर्ट मिलने में देरी हुई। करीब एक घंटे तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। इमरजेंसी में पंजीकरण और शुल्क जमा करने वाले मरीजों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

### सपा मजदूर सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी मजदूर सभा और लोक मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा। इसमें नोएडा में हुई घटनाओं का हवाला देकर अकुशल मजदूरों को न्यूनतम 20,000 रुपये मासिक वेतन सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा नोएडा में गिरफ्तार मजदूरों, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों की तत्काल रिहाई के साथ मुकदमे वापस करने की मांग भी की गई है। जांच कराकर दोषी प्रबंधकों व अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाए।

# उपकेंद्र घेरा तो स्मार्ट मीटर देखने पैदल गांव पहुंच गए एसडीओ

## इंदिरानगर इलाके के उपभोक्ताओं ने सेक्टर-14 स्थित पावर हाउस पर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्ताओं का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। अधिक बिल से परेशान उपभोक्ताओं की उपकेंद्रों पर भीड़ लग रही है, लेकिन सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। ऐसी ही समस्या से परेशान इंदिरानगर इलाके के उप भोक्ताओं ने गुरुवार दोपहर सेक्टर-14 स्थित पावर हाउस का घेराव कर एक घंटे तक हंगामा किया। लोगों को गुस्सा भांप एसडीओ टीम लेकर एक किलोमीटर पैदल चलकर गांव पहुंचे और मीटर की जांच कर सुधार का आश्वासन दिया, लेकिन उपभोक्ताओं का कहना था कि पहले स्मार्ट मीटर बदलो, उसके ही प्रदर्शन बंद करेंगे।

प्रदर्शन में शामिल पंडित पुरवा सेक्टर-11 के निवासी रिंकू ने बताया कि एक महीने के भीतर तीन बार बिजली बिल जमा करना पड़ा। इस बीच कई बार बिजली भी काटी गई। इंदिरारनगर निवासी क्षमा ने कहा कि खपत से अधिक बिल वाला मीटर नहीं चाहिए, इसे बदला जाए।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से उपकेंद्र आकर अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई ही नहीं हो रही है। घर के कामकाज छोड़कर और कई बार को ड्यूटी छोड़कर भी आए। एक दो बार नहीं हर महीने बिल अधिक आ रहा है। अब गर्मी आ रही है, तो घर में एक दो पंखे भी चलेंगे तो बिल और अधिक हो जाएगा। एसडीओ ने कहा कि क्षेत्र में अधिकतम बिजली बिल करीब 2000 रुपये तक ही आ रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग जांच कर रहा है, जहां भी समस्या होगी उसका समाधान किया जाएगा।



सेक्टर-14 स्थित पावर हाउस का घेरावकर नारेबाजी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### राजाबाजार इलाके के पार्षद का कार्यालय भी घेरा

■ हराजाबाजार इलाके के लोगों ने पार्षद राहुल मिश्रा के कार्यालय का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। पार्षद ने लोगों से उनकी समस्याएं जानी फिर बिजली विभाग के अधिकारी से फोन पर समस्या के संबंध में बात की। पार्षद ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्या को सुनना और समझना नहीं चाहते हैं। वह केवल जांच की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। पार्षद का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से वाकई समस्या बढ़ गई है। अब मीटर की रीडिंग अधिक आने के साथ रिचार्ज कराने के बाद भी पावर को कट किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर हटाया जाना चाहिए। वहीं वर्टिकल व्यवस्था के कारण सभी शिकायतों का निस्तारण 1912 से हो रहा है। उपकेंद्र स्तर पर तैनात अधिकारियों के पास अधिकार ही नहीं है। ऐसे में समस्या का समाधान होने के बजाए लोग अधिकारियों और उपकेंद्र के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।



अपने कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्या सुनते पार्षद।



एक्सईएन को ज्ञापन देतीं पार्षद ममता चौधरी।

### कांग्रेस पार्षद ने एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** स्मार्ट मीटर में खपत से अधिक बिल आने से से परेशान पांडे तालाब, मोतीझील हबीबनगर, मालवीयनगर और दारूगोदाम क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने अपने समस्या कांग्रेस पार्षद दल की नेता ममता चौधरी को बताई। पार्षद ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के संबंध में गुरुवार को अधीक्षण अभियंता (वाणिज्यिक) मध्य जोन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली बिलों में असामान्य बढ़ोतरी हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधीक्षण अभियंता ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आज से प्रभावित क्षेत्रों में चेक मीटर लगाए जाने के निर्देश दिए, जिससे बिलों की सटीकता की जांच की जा सके। उपभोक्ताओं ने उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई से उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा और गलत बिलों से राहत मिलेगी।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर नियामक आयोग ने 10 दिन में मांगा जवाब

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर और जबरन प्रीपेड कन्वर्जन पर विद्युत नियामक आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। उपभोक्ता परिषद की अर्जेंसी एप्लीकेशन को गंभीरता से लेकर पावर कॉरपोरेशन के एमडी और अध्यक्ष से 10 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की बिजली कंपनियां विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) और केंद्र सरकार और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के निर्देशों का उल्लंघन कर रही हैं। परिषद के अनुसार, कॉस्ट डाटा बुक के अध्याय-4 सिक्योरिटी की गलत व्याख्या करते हुए नए कनेक्शन केवल प्रीपेड मोड में दिए जा रहे हैं और पुराने पोस्टपेड कनेक्शनों को भी उपभोक्ताओं की सहमति के बिना प्रीपेड में बदला जा रहा है। आयोग ने माना कि मामला गंभीर है, इसमें उपभोक्ताओं को गुमराह करने की आशंका है। इसी आधार पर तत्काल हस्तक्षेप करते हुए जवाब तलब किया गया है।

# कल से होगा अटल नगर के 630 फ्लैटों का पंजीयन

- अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के 1 बीएचके के 539 व 2 बीएचके के 91 फ्लैट
- लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा फ्लैटों का आवंटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण 18 अप्रैल से देवपुर पारा स्थित 'अटल नगर योजना' में फिर से अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के 630 फ्लैटों का पंजीयन खोल रहा है। इसमें 1 बीएचके के 539 और 2 बीएचके के 91 फ्लैट उपलब्ध है। पंजीयन एक माह तक एलडीए की वेबसाइट से किए जाएंगे और आवंटन लॉटरी से किया जाएगा।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि देवपुर पारा स्थित अटल नगर आवासीय योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावरों में कुल 2,496 फ्लैट हैं। 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के इन फ्लैटों की कीमत लगभग 9.82 लाख रुपये से शुरू है। पूर्व में लॉटरी के माध्यम से फ्लैटों का आवंटन किया गया था। शेष 630 फ्लैटों के लिए 18 अप्रैल से 17 मई तक पुनः पंजीकरण खोल रहे हैं। 1 बीएचके के फ्लैट के लिए 55,658 रुपये और 2 बीएचके के फ्लैट के लिए 1,00852 रुपये पंजीकरण शुल्क है, जोकि आवंटन न होने की दिशा में आवेदक को वापस हो जाएंगे। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, लिफ्ट, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग आदि सुविधाएं हैं।

### उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग

■ उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को अटल नगर योजना का निरीक्षण किया। परिसर में लगभग 500 चार पहिया वाहनों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। कहा कि पार्किंग के लिए ले-आउट में उपयुक्त स्थान चिन्हित करते हुए 15 दिन के अंदर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इस क्रम में उपाध्यक्ष ने वाह्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की। एक माह के अंदर ड्रेनेज, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व एसटीपी से सीवर लाइन को जोड़ने का कार्य कराने के निर्देश दिये।

# दोपहर में लू जैसे थपेड़े, रात भी गर्म

- 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया अधिकतम तापमान
- न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में दोपहर तो तप ही रही है, रातें भी गर्म होने लगी हैं। गुरुवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री बढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दोपहर में तेज धूप के कारण राहगीर बेहाल रहे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने की संभावना है न्यूनतम तापमान में भी 1-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

शहर का तापमान लगातार बढ़ रहाहै। गुरुवार को सुबह से ही तेज धूप निकली। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी बढ़ती गई। हालत ये रही कि दोपहर में हवा गर्म हो गई और लू जैसा एहसास होने लगा। इससे राहगीर बेहाल दिखे। किसी ने धूप से बचाव के लिए छाते का सहारा लिया तो कोई पेड़ों की छांव में सुस्ताता नजर आया। गन्ने के जूस, पना और कोल्डड्रिंग की दुकानों में भीड़ बढ़ गई। धूप से बचाव के लिए महिलाएं दुपट्टे और पुरुष गमछे से सिर व चेहरा ढके रहे। दोपहर में सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई। बाजारों में सन्नाटा हो गया। जरूरी काम से ही लोग घरों और कार्यालयों से बाहर निकले। दोपहर में छुट्टी के बाद कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी धूप से किसी तरह बचने का प्रयास करते रहे।



चेहरे पर हाथ लगाकर धूप से बचने को प्रयास करतीं युवतियां। अमृत विचार

असर

कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय, उद्यान विभाग और मंडी परिषद ने यूरोप में शुरू किया संपर्क

# युद्ध ने बदला आम निर्यात का रूट, यूरोपीय देशों में भेजने की तैयारी

- फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम, स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड से चल रही बात
- प्रत्येक वर्ष की तरह आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से भी ऑर्डर मिलने की उम्मीद
- दिल्ली या नोएडा से हवाई जहाज के मध्यम से विदेशों को भेजा जाएगा आम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर आम निर्यात पर भी दिख रहा है। इस बार मलिहाबादी आम खाड़ी देशों में नहीं जा पाएगा। बागवानों और निर्यातकों को नुकसान से बचाने के लिए यूरोपीय देशों को आम का निर्यात करने की संभावनाएं तलाशी जाने लगी हैं। मलिहाबाद के रहमानखेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस प्रबंधन के साथ कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय, उद्यान विभाग और मंडी परिषद ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।

पैक हाउस के संचालक अमित अग्रवाल ने कहा कि पूरी कोशिश है कि आम का निर्यात प्रभावित न हो। इसके लिए यूरोपीय देशों फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम, स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, इटली, स्पेन आदि से बात चल रही है। हर साल की तरह आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से भी ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

बागवानों से संपर्क करके ग्लोबल जीएपी के मानकों पर आम की पैदावार कराई जा रही है। मई के आखिरी से आम का निर्यात शुरू हो जाएगा, समय भी कम है और जल्द बातचीत कर सब फाइनल करना है। लखनऊ के अलावा सहारनपुर में संचालित मंडी परिषद के पैक हाउस से प्रोसेसिंग करके ज्यादातर आम का निर्यात खाड़ी देशों होता रहा है। इस बार युद्ध के चलते वहां निर्यात मुश्किल है, इससे अन्य देशों में निर्यात करने की तैयारी है। आम के अलावा भिंडी, लौकी और हरी मिर्च का निर्यात भी किया जाएगा। फल व सब्जियां लखनऊ से वैन से दिल्ली भेजी जाएंगी। वहां से हवाई जहाज से बाहर भेजी जाएंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से भी वार्ता चल रही है। यदि सहमति बनी तो नोएडा से निर्यात करना और आसान होगा।



गोमती नगर स्थित किसान मंडी भवन सभागार में कार्यशाला में केन्या के मास्टर ट्रेनर के साथ अधिकारी।

### निर्यात के लिए व्यावहारिक ज्ञान सीखा

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** 'मेंटरशिप' कार्यक्रम में केन्या से आए अच्छी कृषि पद्धति (ग्लोबल जीएपी) के मास्टर ट्रेनर डैनियल महिंदा वाहोमे ने गुरुवार को दूसरे दिन गोमती नगर स्थित किसान मंडी भवन में कार्यशाला की। विकसित देशों में फल व सब्जियों के निर्यात के लिए ग्लोबल जीएपी के प्रमाणन से संबंधित दस्तावेजीकरण पर प्रशिक्षित किया। किसानों, बागवानों के साथ कृषि, उद्यान और कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय के अधिकारियों से सवाल किए। प्रतिभागियों को रिकॉर्ड कीपिंग, ट्रेसबिलिटी, आंतरिक निरीक्षण, अनुपालन दस्तावेज एवं ऑडिट तैयारी से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समझाया। ग्लोबल जीएपी के सिद्धांत एवं मापदंड के क्रियान्वयन संबंधित व्यावहारिक ज्ञान भी दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न असाइनमेंट दिए गए। सक्रिय रूप से सहभागिता करके अपने निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण भी किया। इससे प्रतिभागियों की समझ को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता प्राप्त हुई। कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपनिदेशक मुख्यालय डॉ. सुग्रीव शुक्ला, सहायक निदेशक संजय कुमार व गंगा दयाल, सहायक निदेशक वाराणसी अमित यादव, उपनिदेशक उद्यान लखनऊ मंडल डॉ. डीके वर्मा समेत अन्य मंडलों के 40 अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीटीजी से संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान संभव

- केजीएमयू में एनएचएम की कार्यशाला, 20 मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्डियोटोकोग्राफी (सीटीजी) मशीन के नियमित उपयोग पर जोर दिया गया। नेशनल हेल्थ मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि यह तकनीक गर्भावस्था और प्रसव के दौरान भ्रूण की हृदय गति और गर्भाशय संकुचन की निगरानी में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सीटीजी से संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान संभव होती है, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को केजीएमयू के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग क्वीनमेरी के सभागार में किया गया। इस अवसर पर एनएचएम के अन्य अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकों के साथ क्लीनिकल जांच की आवश्यकता पर बल दिया। केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने आरआरटीसी कार्यक्रम को मातृ व नवजात स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने एआई-सक्षम तकनीकों को अपनाने और निदान की सटीकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

प्रदेश के 20 मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में दूसरे बैच के प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और इससे पहले कई मेडिकल कॉलेजों को भी शामिल किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोहिया संस्थान, कानपुर, बांदा, बरेली, सहारनपुर और नोएडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक शामिल रहे। कार्यशाला में परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल, महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. रंजना खरे सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. अंजू अग्रवाल, डॉ. मिलिंद वर्धन, डॉ. रवि दीक्षित और डॉ. ऊषा गंगवार भी कार्यशाला में मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### मेडिकल सप्लायर ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के चिरैयाबाग इलाके में रहने वाले मेडिकल सप्लायर ने गुरुवार दोपहर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने परिवारवालों को सूचना दे दी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। मूल रूप से गाजियाबाद के संतपुरा निवासी राजीव कश्यप (55) चिरैयाबाग इलाके में सीताराम यादव के मकान में किराए पर रह रहा था। वह एक मेडिकल कंपनी में दवा सप्लाई का काम करता था। वह करीब दस दिन पहले ही यहां रहने आया था। गुरुवार को उसका कमरा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर पड़ोसियों ने खिड़की का पर्दा हटाया तो राजीव को दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने धक्का देकर दरवाजा खोला। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जांच के दौरान राजीव का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने ऑन किया तो पता चला कि उसने आखिरी कॉल अपने भाई को की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक व साइकिल में मारी टक्कर, दो गंभीर

**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र के सुदौली मोड़ के पास बेकाबू कार ने बाइक सवार और साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों सवार उछलकर दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टोल एंबुलेंस की सहायता से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान विपिन निवासी ग्राम कसरावां बछरावां और विनोद कुमार निवासी ग्राम बहनवा थाना निगोहां के रूप में हुई। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### साइकिल चोरी, फुटेज में कैद हुआ चोर

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के गोकुलधाम सोसाइटी के पास स्थित प्लॉट पर रहने वाले रामचरित्र वर्मा के यहां 13 अप्रैल की शाम को चोरी की घटना हुई। चोरों ने उनके घर से साइकिल और करीब 30 किलो वजन वाला तावा चुरा लिया। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी आदर्श वर्मा के प्लॉट के किराएदार मनोज यादव और उनके नौकर बाटी चोखा की गाड़ी लगाने वाले व्यक्ति की मिलीभगत से चोरी हुई। कुछ दिन पहले मनोज यादव ने साइकिल बदलने की बात कही थी, जिसके बाद पहली साइकिल गायब हुई। अब दूसरी साइकिल और तावा चोरी हो गया। पीड़ित ने नौकर से पूछा तो उसने मेन गेट से दो लोगों के अंदर जाने की बात कही, लेकिन सीसीटीवी फुटेज में चोर बाटी की दुकान से होकर दीवार फांदकर घर में जाते दिख रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने सबूत मांगे तो फुटेज दिए। तीन दिन बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

### व्यापारी का चार लाख का माल गायब, रिपोर्ट

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** बाराबंकी के शाह ट्रेडर्स ने ट्रक चालक पर चार लाख रुपये की पीओपी गायब करने का आरोप लगाया है। गोसाईंगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ड्राइवर बलराज सिंह ने बताया कि 30 मार्च को राजस्थान से माल लादकर वह 3 अप्रैल सुबह गोसाईंगंज पहुंचा। फोन पर बातचीत के बाद शाम को सुल्तानपुर रोड बिरुहा चौराहा के पास अज्ञात लोगों ने ट्रक खड़ा करवाया और रातभर 10-12 मजदूरों से माल उतरवा लिया। ड्राइवर को रसीद देकर बिना भाड़ा दिए भेज दिया गया। बाद में शाह ट्रेडर्स ने माल न पहुंचने का कंपनी में दावा किया। जिसपर गोसाईंगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। वहीं, शाह ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर सौरभ जायसवाल ने बताया कि ड्राइवर का सुबह फोन आया था, लेकिन व्यस्तता में गाड़ी भूल गए। बाद में बिल-पेपर मिलान पर पता चला कि माल उनके यहां नहीं उतरा। पीड़ित का कहना है कि गाड़ी कहीं और उतर गई और उनका चार लाख का माल गायब है।

### अवैध वेंडरों से 1388 पानी की बोतलें जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर अवैध वेंडरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, गोमतीनगर, लखनऊ और सीतापुर स्टेशनों सहित कई ट्रेनों में सघन जांच की गई। अभियान के दौरान 1388 अधोमानक पेयजल बोतलें बरामद कर जब्त की गईं। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



टीम पर लाठी लेकर हमला करने जाता युवक। अमृत विचार



कार्रवाई के दौरान पुलिस व एलडीए के अधिकारी। अमृत विचार

# अवैध कॉम्पलेक्स तोड़ने पर पथराव, दो अधिकारी घायल

## चिलौला में पूर्व ब्लाक प्रमुख ने साथियों संग किया लाठी-डंडों से हमला, सरकारी वाहन तोड़े, जान बचाकर भागी टीम

- अधिकारियों ने कराया हमलावरों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, लखनऊ/गोसाईंगंज

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी में गुरुवार को जोन-1 में अवैध कॉम्पलेक्स तोड़ने गए एलडीए के प्रवर्तन दल पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र रावत ने साथियों के साथ टीम पर हमला कर दिया। सैकड़ों की तादाद में महिलाओं और पुरुषों ने लाठी-डंडों के साथ टीम पर पथराव किया। सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की। पथराव में प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी और जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह, अभियंता समेत कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। टीम किसी तरह जान बचाकर वहां से भागी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र रावत, दीपू यादव, नवीन यादव समेत अन्य हमलावरों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।



ध्वस्त की गई दुकानें। अमृत विचार

ग्राम चिलौला में कासिम बाबा व अन्य द्वारा लगभग पांच हजार वर्गफिट के भूखंड पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया था। इसके विरुद्ध ध्वस्तीकरण का आदेश विहित न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया था। इस क्रम में प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी अपनी टीम के साथ और सहयोग में प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। प्राधिकरण पुलिस और पूर्व सैनिक का दल साथ रहा।

प्रवर्तन दल ने जेसीबी व पुकलैंड से दुकानें ध्वस्त की तो पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र रावत व दीपू यादव भीड़ को एकत्रित करके मौके पर पहुंच गए। कार्रवाई का विरोध करके अफसरों से अभद्रता की और घेरकर लाठी-डंडों से हमला करके दौड़ा लिया। गली के अंदर से महिलाओं और पुरुषों ने पथराव किया। जेसीबी और पुकलैंड के शीशे टूट गए। दो डंफर, तीन लोडर व प्रवर्तन दल की तीन बोलेरो समेत कई सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए। पथराव में जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह और देवांश त्रिवेदी के चोटें आईं। अभियंता, सुरक्षाकर्मी समेत कई कर्मचारी घायल हो गए। बवाल बढ़ता देख टीम भाग आई। कार्रवाई के दौरान टीम ने एक आरोपित नवीन यादव को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। देवांश ने बताया कि इससे पहले अवैध निर्माण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया और उनके निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 के अवर अभियंता शिवानंद शुक्ला ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में नरेन्द्र रावत, दीपू यादव समेत अन्य हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों की तलाश के लिए टीम लगाई हैं।

### बेखौफ अवैध निर्माण करने वाले कर रहे हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** 6 अप्रैल को जोन-1 अंतर्गत चिनहट के ग्राम जुग्गौर में अवैध प्लाटिंग करके बनाए गए तीन रो-हाउस ध्वस्त करने पर एलडीए की टीम पर हमला किया गया। बिल्डर और उसके सहयोगियों ने टीम को लाठी-डंडे से दौड़ा लिया था। वाहनों में तोड़फोड़ की थी। जेई समेत अन्य कर्मचारी को जान बचाकर भागना पड़ा था। ठीक दूसरे दिन 7 अप्रैल को बीकेटी क्षेत्र के बिकामऊ गांव में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने पर जोनल अधिकारी समेत टीम को लोगों ने घेर लिया। लाठी-डंडा लेकर हमला किया था। यहां भी जान बचाकर टीम को भागना पड़ा था। इससे पहले 18 फरवरी को मोहनलालगंज अंतर्गत नगराम रोड स्थित पूरनपुर गांव में अवैध निर्माण गिराने पर टीम से मारपीट की गई थी। विभागीय अभिलेख छीनने के साथ जेसीबी और सरकारी वाहनों पर पथराव करके शीशे तोड़े गए थे। पथराव में जेसीबी चालक का सिर फट गया था। हमलावरों के खिलाफ एफआईआर भी कराई गई। इसके बाद भी इन पर किसी तरह का भय नहीं है। और बेखौफ होकर अवैध निर्माण करने के साथ मारपीट पर आमादा है।

## डॉक्टर समेत दो के खाते से उड़ाए 4.15 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोन दिलाने और मोबाइल अपडेट का झांसा देकर साइबर ठगों ने डॉक्टर समेत दो लोगों के खातों से 4.15 लाख रुपये उड़ा लिए। जालसाजों ने कॉल और मैसेज के जरिए पीड़ितों को झांसे में लेकर रकम ट्रांसफर करा ली। दोनों ही मामलों में हसनगंज और चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

डालीगंज के मुकारिमनगर निवासी डॉ. अरुण कुमार वर्मा के अनुसार 11 मार्च की सुबह गोपाल कृष्ण नाम के व्यक्ति की कॉल आई। आरोपी ने कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा दिया। इंकार करने के बावजूद जालसाज ने बातचीत में उलझाकर पीड़ित के खाते और पीएनबी क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 3.20 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने शिकायत की बात कही तो आरोपी ने धमकी दी। इसके बाद ऑनलाइन शिकायत कर हसनगंज कोतवाली में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

वहीं, चिनहट के मटियारी हिम सिटी निवासी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि 4 मार्च को मोबाइल अपडेट करने का मैसेज आया। ओके करते ही मोबाइल रिस्टार्ट मोड पर चला गया और कॉल व मैसेज आने बंद हो गए। होली के कारण उन्होंने ध्यान नहीं दिया। अगले दिन जब भारतीय स्टेट बैंक के वेतन खाते की जांच की तो 47,712 रुपये और आईसीआईसीआई बैंक खाते से 55,218 रुपये गायब मिले। इसके बाद साइबर सेल में शिकायत कर चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## चोरी में दबिश दे रही थी पुलिस लटककर युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बेगरिया मऊ गांव में गुरुवार को एक युवक ने आम के पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि बेगरिया मऊ निवासी कुलदीप रावत (28) का शव गांव के बाहर आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। ग्रामीणों ने बताया कि कुलदीप नशे का आदी था। उस पर सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एक बड़ी चोरी का आरोप भी लगा था। पुलिस ने कुलदीप की तलाश में उसके घर कई बार दबिश भी दी थी। बताया जा रहा है कि कुलदीप के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज है। वर्ष 2022 में कुलदीप ने पड़ोस में रहने वाले रूद्र कुमार को पीटकर मार डाला था। उक्त हत्याकांड में वह जेल भी गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



किसानों के प्रदर्शन के चलते सुभाष चौक पर रेंगते वाहन। अमृत विचार

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित गोमती एंक्लेव के पीछे रहने वाली महिला का शव गुरुवार सुबह संदिग्ध हालात में घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। पुलिस के पहुंचने से पहले ही पति ने शव को उतार दिया। मृतका के भाई ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिग आया है।

मूल रूप से बाराबंकी के सतरिख रोड स्थित दिबियापुर गांव निवासी विजय विश्वकर्मा दो बेटों के साथ गोमती एंक्लेव के पीछे किराए पर रह रहे हैं। विजय ठेके पर मकान निर्माण का काम करते हैं। गुरुवार को उनकी पत्नी अनीता (30) का शव मकान में फंदे से लटका मिला। सूचना पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस पहुंची तो विजय ने बताया कि पत्नी ने फंदा लगा लिया था। उसने फंदे से उतारा लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। इस बीच सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई बृजेश निवासी कुर्सी रोड बाराबंकी ने विजय पर हत्या का आरोप लगाया। बृजेश ने बताया कि विजय के एक युवती से अवैध संबंध थे। उसको लेकर बहन से आए दिन विवाद होता था।

## गोमती में नहाने उतरा युवक डूबा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्थानीय गोताखोरों को उतारा एसडीआरएफ की भी ली गई मदद
- घटना की जानकारी मिलते ही परिजन में मचा कोहराम

**अमृत विचार:** दुबग्गा के सैथा गांव स्थित भुईअन देवी मंदिर के पास गोमती नदी में गुरुवार शाम तीन दोस्तों के साथ नहाने गया निजी कंपनी का पार्सल डिलीवरी ब्वॉय डूब गया। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के साथ ही एसडीआरएफ की टीम की मदद से देर शाम तक तलाश की, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका।

ठाकुरगंज के मुसाहिबगंज निवासी अंकुर सिंह गुरुवार को दोस्तों आदर्श सिंह, अविरल और देश दीपक के साथ नदी में नहाने गया था। देश दीपक ने बताया कि अंकुर नहाते समय अपनी चचेरी बहन माही सिंह से मोबाइल पर वीडियो काल पर बात कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह पानी में समा चुका था। दोस्तों ने मदद के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़े।

सूचना मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतारा। अंकुर का कुछ पता नहीं चलने पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ टीम ने देर शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया जा रहा है कि देश दीपक का सैथा गांव में प्लॉट है, जहां वह सुबह से निर्माण कार्य करवा रहा था। दोपहर बाद अन्य तीनों दोस्त वहां पहुंचे और नदी में नहाने की बात कहने लगे। उसके बाद चारों नदी पर चले गए।

इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि अंकुर सिंह एक निजी कंपनी में पार्सल डिलीवरी का काम करता था। उसके पिता महेंद्र सिंह और छोटा भाई नकुल पंजाब में काम करते हैं। मां का पहले ही निधन हो चुका है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन में कोहराम मच गया।

## मामूली विवाद में दर्जी के सीने पर मारा चाकू, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारा के जलालपुर इलाके में बुधवार रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नशे में धुत युवक ने पड़ोसी दर्जी के सीने पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने लहूलुहान हालत में घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि जलालपुर रेलवे लाइन किनारे रहने वाले नौशाद अली (30) घर पर सिलाई का काम करते हैं। बुधवार रात पड़ोसी मनीष भारती से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।



अस्पताल में भर्ती घायल नौशाद। ● अमृत विचार

विवाद के बाद मनीष ने शराब पी ली और नशे की हालत में वापस आकर उसने जेब में रखा चाकू निकालकर नौशाद के सीने पर वार कर दिया। चाकू लगने से नौशाद खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा।

घटना के बाद आरोपी धमकाते हुए मौके से फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में घायल को राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और परिजन की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी मनीष भारती को गुरुवार तड़के गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर के अनुसार आरोपी को जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

**जालसाजी** | फर्जी वैल्यूवर रिपोर्ट से खुला खेल, रहीमाबाद में केस दर्ज

## नकली सोना गिरवी रख बैंक से लिया 7 .14 लाख का लोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नकली सोना गिरवी रखकर जालसाज ने बैंक ऑफ इंडिया से 7.14 लाख रुपये का गोल्ड लोन लेकर हड़प लिया। मामले में बैंक के अधिकृत वैल्यूवर सराफ की संदिग्ध भूमिका भी सामने आई है, जिसने जेवर को असली बताते हुए गलत रिपोर्ट दी। किस्त जमा न होने पर जब बैंक ने गिरवी जेवर की दोबारा जांच कराई तो पूरा मामला खुल गया। रहीमाबाद थाने में लोन धारक और वैल्यूवर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।




चौक के चढ़ाई माहू लाल निवासी अभिजीत शुक्ल, जो बैंक ऑफ इंडिया की गहदो शाखा के प्रबंधक हैं, के अनुसार माल के करेंद निवासी संतोष कुमार ने 27 फरवरी 2023 को गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया था। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बैंक ने 7.14 लाख रुपये का लोन स्वीकृत कर दिया। इसके एवज में संतोष ने 185.038 ग्राम सोने के जेवर और सिक्के गिरवी रखे थे। इन जेवरों की जांच बैंक के अधिकृत वैल्यूवर सत्यम सोनी ने की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट में सोने की शुद्धता 23 कैरेट बताई थी।

निर्धारित समय पर किस्तें जमा न होने पर बैंक ने 28 अगस्त 2023 से वसूली की प्रक्रिया शुरू की और 29 अगस्त को नोटिस भेजा। इसके बाद 8 दिसंबर को दोबारा नोटिस जारी किया गया, लेकिन लोन धारक की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद बैंक ने गिरवी जेवर की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के साथ पुनर्मूल्यांकन कराया। इस बार अधिकृत वैल्यूवर अंकुर सोनी की जांच में सामने आया कि ज्यादातर जेवर नकली हैं। जांच में केवल 19.300 ग्राम जेवर ही 18 कैरेट के पाए गए, जबकि बाकी धातु के बने निकले।

शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाया कि लोन धारक संतोष कुमार ने वैल्यूवर सत्यम सोनी से सांठगांठ कर फर्जी रिपोर्ट के जरिए बैंक से ठगी की। मामले में पहले पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट के आदेश पर रहीमाबाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोन चुकाने के लिए चेन लूटने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साथी फरार, दो चेन के टुकड़े व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद

**अमृत विचार :** दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो सवार महिला रेलकर्मी की चेन लूटने वाले बदमाश को आलमबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटी गई दो चेन के टुकड़े और घटना में प्रयुक्त नीले रंग की स्कूटी बरामद की है। साथ ही पुलिस ने 14 अप्रैल को नाका क्षेत्र में हुई चेन लूट की घटना का भी खुलासा किया है। दोनों वारदातों में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह के अनुसार चारबाग स्थित रेस्ट कैंप रेलवे कॉलोनी निवासी रेलकर्मी नैना 9 अप्रैल को ऑटो से आलमबाग जा रही थीं। ऑटो में उनके बगल में एक युवक बैठा था। दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास सवारी बनकर बैठे बदमाश ने ऑटो रुकवाया और चेन खींचकर साथी के साथ स्कूटी से फरार हो गया। पीड़िता ने 15 अप्रैल को आलमबाग कोतवाली में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर स्कूटी सवार बदमाशों की पहचान की।

फुटेज के आधार पर पुलिस ने स्कूटी मालिक को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि स्कूटी मरम्मत के लिए मैकेनिक कमरुद्दीन को दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने कमरुद्दीन से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि स्कूटी उसका बेटा मोहम्मद कैश लेकर गया था। गुरुवार तड़के पुलिस ने टुनटुनिया फाटक के पास से आरोपी मोहम्मद कैश को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से दो चेन के टुकड़े बरामद किए।

इंस्पेक्टर ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने साथी के साथ 13 अप्रैल को नाका क्षेत्र में भी एक चेन लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। इस घटना में नाका के मोतीनगर कायमखेड़ा निवासी 68 वर्षीय मालती देवी को निशाना बनाया गया था। आरोपी ने बताया कि उसने बैंक से 90 हजार रुपये का लोन लिया था और उसे चुकाने के लिए वह चेन लूट की वारदात करने लगा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि उसके फरार साथी की तलाश जारी है।

## सिटी ब्रीफ

### अंतिम संस्कार सहायता राशि बढ़ाने पर जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मियों की आकस्मिक मृत्यु पर मिलने वाली अंतिम संस्कार सहायता राशि बढ़ाने पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने प्रदेश सरकार और विभाग का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि सहायता राशि 5 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दी है। पहले अंतिम संस्कार में दी जाने वाली सहायता को देयकों से समायोजित किया जाता था। अब सहायता राशि की कोई रिकवरी नहीं की जाएगी। मिश्र ने बताया कि परिषद ने इस मामले को पिछले माह प्रबंध निदेशक के समक्ष रखा था। जिसके बाद 24 मार्च को निदेशक मंडल की 253वीं बैठक में ये प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

### जीपीओ में आज शुरू होंगे चार नए काउंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेहतर और सुलभ सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जीपीओ में 4 नए आधार नामांकन व संशोधन काउंटर शुरू किए जाएंगे। 17 अप्रैल को इनका उद्घाटन डाक महानिदेशक करेंगे। इसके साथ ही जीपीओ में आधार सेवा काउंटरों की संख्या बढ़कर 8 हो जाएगी। इसके बाद आधार नामांकन और संशोधन संबंधी सेवाएं अधिक तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक हो जाएंगी। नए काउंटर खुलने से प्रतिदिन अधिक संख्या में आवेदकों को सेवा देना संभव होगा और प्रतीक्षा समय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। अभी में जीपीओ में 150 से अधिक आधार संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

### 49 साल की हुई नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्ट्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर की नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्टस ने अपनी स्थापना के 49 वर्ष पूर्ण कर लिए। संस्था के संस्थापक प्रभात कुमार बोस ने बताया कि आकांक्षा थियेटर आर्ट्स की स्थापना 15 अप्रैल 1977 को की गई थी। संस्था की सचिव अचला बोस ने बताया कि बीते 49 सालों में आकांक्षा थियेटर आर्ट्स ने 652 नाटकों के 1032 शो किये। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने 3 दिवसीय नाट्य समारोह के लिए वित्तीय सहायता दी है। आगामी 25, 26 और 27 मई को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में 3 दिवसीय नाट्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न नाट्य संस्थाएं अपने नाटकों का मंचन करेंगी।

### हर क्षेत्र में अग्रणी है हमारे देश की बेटी: पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारे देश की बेटी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। घर के कामकाज में पारंगत तो हैं ही फाइटर प्लेन उड़ाने से लेकर देश के सर्वोच्च पद (राष्ट्रपति) पर भी विराजमान हैं। हमारे देश की बेटी ने अंतरिक्ष में भी तिरंगा लहराया है। हमें अपने राष्ट्र की नारी शक्ति पर गर्व है। ब्रजेश पाठक, गुरुवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के आलमबाग स्थित कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन यात्रा में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन दिन के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन हेतु देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। अब संसद में 33 फीसदी

# हॉकी में सोना जीतकर लाए धुरंधरों का शहर में शानदार इस्तकबाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ, हॉकी एसोसिएशन के पदाधिकारियों व पूर्व खिलाड़ियों के साथ स्वर्ण पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली उत्तर प्रदेश हॉकी टीम का गुरुवार रात केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विजेता टीम के लखनऊ पहुंचने पर स्टेडियम परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जैसे ही खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ स्टेडियम पहुंचे, कैमरों की फ्लैश लाइट्स और दर्शकों की तालियों से पूरा माहौल गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया, जहां हॉल लगातार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। समारोह में सभी खिलाड़ियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और यूपी हॉकी की ओर से नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने खिलाड़ियों को स्वर्णिम उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और यूपी हॉकी सचिव रजनीश मिश्रा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सफलता की यह यात्रा यहीं नहीं रुकनी चाहिए। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व आरटीओ एके त्रिपाठी, यूपी हॉकी के उपाध्यक्ष अभिजीत सरकार और कोषाध्यक्ष निशा मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 26 को होगा 25 जोड़ों का विवाह

**अमृत विचार, लखनऊः** दुर्गाजी मंदिर शास्त्री नगर की ओर से ऐशबाग रामलीला मैदान पर 26 अप्रैल को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें 25 निर्धन व कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह कराए जाएंगे। 74वां कल्याण मंडप कार्यक्रम में नवदंपतियों को जीवनोपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप प्रदान की जाएंगी। गुरुवार को जोड़ों को मंदिर में बुलाकर कामिनी श्रीवास्तव, राजेंद्र गोयल, ताराचंद अग्रवाल, श्याम जी चौक वाले ने जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन के संबंध में जानकारियां दी। कहा कि विवाह के बाद दोनों को एक-दूसरे के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करना चाहिए। महिलाओं को दक्षता और संयम तथा पुरुषों को कर्मठता अपनानी चाहिए।

# गैस सिलेंडर की किल्लत ने घटा दिया शादियों में व्यंजनों का मेन्यू

## फास्ट फूट और मिठाइयों के आइटम ज्यादा घटाए जा रहे, कैटर्स को हो रहा नुकसान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**100** से 150 आवेदन रोज किए जा रहे पूर्ति कार्यालय में

**10** सिलेंडर की जरूरत पांच ही किए जा रहे स्वीकृत

**10** से 15 दिन का समय दिया जा रहा गैस एजेंसियों पर

**अमृत विचार :** कामर्शियल सिलेंडर की किल्लत ने विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों के प्रीति भोजन का मेन्यू घटा दिया है। जिन लोगों ने 10 से 15 आइटम का मेन्यू बनवाया था, अब वह चार से आठ तक आइटम कम करवा रहे हैं। ज्यादातर लोग फास्ट फूट और मिठाई के आइटम कम करवा रहे हैं। जिन कैटर्स ने आइटम बनाने के लिए कारीगरों को एटवांस दे रखा है उनको नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि कुछ लोग और कैटर्स लकड़ी, कोयले और डीजल से चलने वाली भट्ठियों की व्यवस्था कर ली है।

सहालग के लिए कामर्शियल सिलेंडर की मांग के लिए एडीएम आपूर्ति और डीएसओ कार्यालय के बाहर भीड़ लग रही है। जिलापूर्ति कार्यालय में प्रतिदिन 100-150 आवेदन आ रहे हैं। विभागीय अधिकारी आवेदन पत्र लेकर लोगों को गैस एजेंसी से फोन आने का आश्वासन दे रहे हैं। फोन आने पर लोग एजेंसी जा रहे हैं तो वहां 7-10 दिन का समय दिया जा रहा है। लोगों ने बताया कि 10 सिलेंडर की जरूरत का आवेदन करने पर पांच सिलेंडर ही स्वीकृत किए जा रहे हैं। सिक्योरिटी राशि जमा करके सिलेंडर दिया जा रहा है। जिनके यहां शादी की तारीख करीब है, वह लोग ज्यादा परेशान हैं। ऐसे लोगों का कहना है कि सिलेंडर नहीं मिला तो शादी कैसे हो पाएगी। ये लोग एडीएम आपूर्ति और डीएसओ कार्यालय के रोज चक्कर लगा रहे हैं।


आपूर्ति विभाग के कार्यालय में आवेदन पत्र और शादी के निमंत्रण कार्ड दिखाते आवेदक। अमृत विचार

### आवेदकों की परेशानी

- झब्बूलाल के यहां 28 अप्रैल को शादी है। उन्होंने 15 घरेलू गैस सिलेंडर के लिए आवेदन किया है। उन्हें बताया गया कि 2-3 दिन पहले आपको फोन करके बता दिया जाएगा कि कहां सिक्योरिटी जमा करके सिलेंडर ले सकते हैं।
- जेएस मेहरा के यहां 22 अप्रैल को शादी है। उन्होंने 10 कॉमर्शियल सिलेंडर के लिए आवेदन किया है।
- रमापति मिश्रा के यहां 20 और 30 अप्रैल को शादियां हैं। एक हफ्ते पहले इन्होंने आवेदन किया था लेकिन उनके पास गैस एजेंसी से कोई फोन नहीं आया। इसलिए गुरुवार को फिर डीएसओ कार्यालय पहुंचे थे।
- आनन्द यादव के यहां 30 अप्रैल को शादी है। उन्होंने 10 कॉमर्शियल सिलेंडर के लिए आवेदन किया है लेकिन उन्हें 6 सिलेंडर दिये जाने का आश्वासन मिला है। सिलेंडर कब तक मिलेंगे यह नहीं बताया गया है।

### सिक्योरिटी जमा करके लेना होगा अस्थायी कनेक्शन

- जिलापूर्ति कार्यालय पहुंचे एक आवेदक का कहना है कि उन्होंने 10 कॉमर्शियल सिलेंडर के लिए आवेदन दिया था। गैस एजेंसी पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि 5 सिलेंडर ही मिल पाएंगे। यहा भी बताया गया कि सिलेंडर लेने के लिए सिक्योरिटी जमा करके अस्थायी कनेक्शन लेना पड़ेगा। बाद में सिक्योरिटी वापस हो जाएगी।

### कैटर्स को मांग के अनुसार नहीं मिल रहे कामर्शियल सिलेंडर

उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बताया कि सहालग के लिए शादी वाले घरों में कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए संगठन के पदाधिकारियों की अधिकारियों से मुलाकात हुई थी। जिसमें शादी का कार्ड लगाकर कैटरर्स को आवश्यकतानुसार कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था लेकिन मांग के अनुसार सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। इससे कैटरर्स को नुकसान उठाना पड़ रहा है।



## केजीएमयू में नियुक्ति व वसूली के आरोप जांच की मांग तेज

**अमृत विचार, लखनऊः** केजीएमयू में कर्मचारी परिषद के महामंत्री एवं कनिष्ठ लिपिक पद पर तैनात अनिल कुमार की नियुक्ति को लेकर सवाल उठे हैं। आरोप है कि वर्ष 2011 में मृतक आश्रित कोटे के तहत की गई नियुक्ति में निर्धारित अर्हताओं का पालन नहीं किया गया। मुख्यमंत्री से विधायक द्वारा शिकायती पत्र में लगाए गए आरोपों की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।इतना ही नहीं, कर्मचारी परिषद के महामंत्री पर कर्मचारियों से वसूली और धमकाने के आरोप भी लगे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि स्थानांतरण, कन्फर्मेशन समेत विभिन्न कार्यों के नाम पर दबाव बनाकर धन लिया जा रहा है। मामले को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। वहीं, आरोपी ने स्वयं कर्मचारी परिषद की ओर से आरोपो की जांच के केजीएमयू प्रशासन को पत्र लिख कर उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने की मांग की गई है।



सिविल अस्पताल में रक्तदान करता रक्तदाता और मौजूद स्टाफ।

## सिविल अस्पताल को मिला 108 यूनिट रक्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय रक्तकेंद्र की टीम द्वारा गुरुवार को बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। हरिओम सेवा केंद्र के सहयोग से आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शिविर में सिविल अस्पताल की ओर से डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. रागिनी सिंह, संजय सिंह, हरिहर शुक्ला, रमेश यादव, सी.एल. गुप्ता, विवेक सिंह, उमा वर्मा, सुनील, सर्वेश समेत अन्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई और रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। सिविल चिकित्सालय के निदेशक डॉ. जी.पी. गुप्ता ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है, जिससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान के लिए आगे आएं, ताकि किसी भी मरीज का इलाज रक्त की कमी के कारण प्रभावित न हो सके।

## फेस्टिवल में दिए गए बालीवुड पर्सनाल्टी अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सहारागंज पीवीआर में आयोजित दो दिवसीय लखनऊ अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन भी दिन भर फिल्मों की स्क्रीनिंग का दौर चला। शाम को बालीवुड पर्सनाल्टी अवार्ड समारोह आयोजित किया गया।

फिल्म स्क्रीनिंग के अंतर्गत विदेशी फिल्मों में अमेरिका की अंग्रेज़ी भाषा की फ़िल्में द हूडट्रॉफी बिनो स्टोरी, एक्सट्रीम बिलियड्र्स और द जाइंट गूफबॉल स्केच शामिल रहीं। इटली की इतालवी भाषा की फिल्में पैरिसन, माय हनीसकल बीकीपर और ओपल को चुना गया। स्पेन की स्पेनिश भाषा में मर्मेलादा और लिमिटेस शामिल हैं। साउथ कोरिया की कोरियन भाषा से रिफ्लेक्शन फिल्म को फेस्टिवल में जगह मिली। इसके अलावा ईरान में अंग्रेज़ी और पर्शियन भाषा की फिल्में आउट ऑफ साइट एंड आउट ऑफ माइंड सहित 22 फिल्मों को इस सूची में शामिल किया गया।


फिल्म निर्देशक अयूब खान पद्म श्री डॉ. अनिल रस्तोगी को बुके भेंट करते हुए।

### धनंजय ने लौटाया अवार्ड

- अवार्ड समारोह में उस समय हंगामा हो गया जब हावड़ा से आए फिल्मकार धनंजय मंडल ने यह कहते हुए मंच से ही अवार्ड लौटा दिया कि उनका नाम न तो प्रशस्ति पत्र पर है और न ट्राफी पर। आयोजकों ने उन्हें समझाया कि नाम के साथ उनका अवार्ड हावड़ा पहुंचाया जाएगा। धनंजय मंडल ने कहा कि अपना किराया खर्च कर वो लखनऊ पहुंचे तो अपने ठहरने की व्यवस्था भी उन्हें ही करनी पड़ी।



गोमती नगर विकास खंड स्थित भारत संचार निगम लिमटेड कार्यालय पर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी। अमृत विचार

## आयकर अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी में आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर बुधवार को दोपहर अवकाश के दौरान विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केंद्रीय संयुक्त कार्य परिषद (जेसीए) के आह्वान पर प्रत्यक्ष कर भवन में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया।यह आंदोलन 14 अप्रैल-26 को कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र और 6 अप्रैल को वित्त मंत्रालय के राजस्व सचिव को सौंपे गए ज्ञापन के समर्थन में किया गया। जेसीए ने इन पत्रों में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) पर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। प्रसभा को संबोधित करते हुए आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के महासचिव जेपी सिंह ने कहा कि यह आंदोलन अभी शुरुआती चरण में है और यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो इसे और तेज किया जाएगा। वहीं कर्मचारी महासंघ के सर्किल महासचिव संतोष मिश्रा ने चेतावनी दी कि 16 अप्रैल से 13 मई तक प्रस्तावित चरणबद्ध आंदोलन को और उग्र किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव अनुपम मिश्रा ने किया।


लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आयकर अधिकारी और कर्मचारी।

**प्रशिक्षण** — भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजन सभागार में चल रही गायन कार्यशाला

# पद्मभूषण साजन मिश्रा की पाठशाला में पारंगत हो रहे विद्यार्थी


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गायन की 4 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन गुरुवार को पद्मभूषण पंडित साजन मिश्रा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला विवि के सुजान सभागार में आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला में पंडित साजन मिश्रा ने विद्यार्थियों को राग तोड़ी की प्रचलित बंदिशें राज दरबार, लंगर कंकरिया और बलमा मोरा रंग रंग रलिया का अभ्यास कराते हुए उनके आलाप, बोल-तान एवं भाव पक्ष की बारीकियों को समझाया। उन्होंने राग वृंदावनी सारंग की बंदिशें तू ही रब तू ही साहिब... और लंगरहिया हम संग न करो... के माध्यम से राग की मधुरता, स्वर विन्यास एवं लयात्मक प्रस्तुति पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

पद्मभूषण पं. साजन मिश्र ने राग जौनपुरी पर केंद्रित प्रशिक्षण देते हुए बड़े ख़याल बाजे झननन पायलिया..., राज दुलारी डोले अंगनवा... तथा छोटे ख़याल कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारःभातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गायन की 4 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन गुरुवार को पद्मभूषण पंडित साजन मिश्रा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला विवि के सुजान सभागार में आयोजित की जा रही है।


विद्यार्थियों के साथ साजन मिश्रा।

कार्यशाला में पंडित साजन मिश्रा ने विद्यार्थियों को राग तोड़ी की प्रचलित बंदिशें राज दरबार, लंगर कंकरिया और बलमा मोरा रंग रंग रलिया का अभ्यास कराते हुए उनके आलाप, बोल-तान एवं भाव पक्ष की बारीकियों को समझाया। उन्होंने राग वृंदावनी सारंग की बंदिशें तू ही रब तू ही साहिब... और लंगरहिया हम संग न करो... के माध्यम से राग की मधुरता, स्वर विन्यास एवं लयात्मक प्रस्तुति पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

पद्मभूषण पं. साजन मिश्र ने राग जौनपुरी पर केंद्रित प्रशिक्षण देते हुए बड़े ख़याल बाजे झननन पायलिया..., राज दुलारी डोले अंगनवा... तथा छोटे ख़याल भोर कहीं मिलन भइलवा..., प्यारे कन्हाई न मारो कंकरिया... का अभ्यास कराया। इसके साथ ही तराना एवं काशी के बसइया... जैसे गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को विविध गायन शैलियों से परिचित कराया। उन्होंने मंच प्रस्तुति की परिपक्वता, बंदिशों की संरचना, राग विस्तार की पारंपरिक विधियों तथा स्वर-साधना की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। संवादात्मक शैली में विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्होंने नियमित अभ्यास, गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व तथा संगीत साधना में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

पद्मभूषण पंडित साजन मिश्रा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के बनारस घराने के अग्रणी गायकों में से हैं। उन्होंने अपने अनुज पंडित राजन मिश्रा के साथ युगल गायन के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई।

## चिनहट द्वितीय वार्ड में मैनुअल स्वीपिंग शुरू

- एलएसए करेगी मुख्य मार्गों और आंतरिक गलियों की सफाई
- पार्षद ने कूड़ा कलेक्शन वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट द्वितीय वार्ड में बुधवार को पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने सफाई कर्मियों एवं स्वीपिंग वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने झाड़ू लगाकर सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन करने के साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया।

लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) वार्ड के मुख्य मार्गों और आंतरिक गलियों की सफाई से लेक कूड़ा उठान करेगी। पार्षद ने कहा कि सफाई मित्र के समर्पण से ही लखनऊ को स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान दिलाया जा सकता है। उन्होंने सभी से कर्तव्यनिष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आवाहन करते हुए सामूहिक प्रयासों से शहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने का विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में लखनऊ स्वच्छता अभियान के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन, सफाई निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार, जोनल इंचार्ज (एलएसए) राजकरन सिंह, जोनल एचआर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सहित संस्था एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



स्वच्छता कर्मियों और वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते पार्षद शैलेंद्र वर्मा।

## सिटी ब्रीफ

### मार्शल आर्ट्स का रोमांच चरम पर

**अमृत विचार, लखनऊ:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुक्रवार से तीन दिवसीय एमएमए-एसएफआई नेशनल चैंपियनशिप का आगाज होगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से 250 से अधिक एथलीट हिस्सा लेकर अपनी ताकत, तकनीक और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। फाइनल चयन के इस महत्वपूर्ण अवसर पर पीटी उषा की मौजूदगी भी खिलाड़ियों के लिए खास प्रेरणा बनेगी। प्रतियोगिता में पिछले एशियाई युवा खेलों की रजत पदक विजेता एस. साटम और कांस्य पदक विजेता वीर जैसे अनुभवी खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। वहीं मेजबान लखनऊ के शिवांश भार्गव, सिमरन श्रीवास्तव और ओमी तिवारी सहित कई स्थानीय प्रतिभाएं भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। तीन दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जहां हर खिलाड़ी एशियाई मंच पर जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगा।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप आज से

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित वातानुकूलित बॉक्सिंग हाल में शुक्रवार से मुक्केबाजी का रोमांच शुरू होगा। वीकेएस फाउंडेशन की देखरेख में प्रथम वीके साहू मेमोरियल जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर भर के खिलाड़ी रिंग में अपना दमखम दिखाएंगे। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में करीब 300 मुक्केबाज भाग लेंगे, जो पांच आयु वर्गों में पदक के लिए मुकाबला करेंगे। इनमें मिनी, सब जूनियर, जूनियर, यूथ और सीनियर वर्ग शामिल हैं। प्रतियोगिता में 130 बालिकाएं और 170 बालक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। लखनऊ जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव सहदेव सिंह ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि शहर के करीब 25 स्कूलों, क्लबों और एकेडमियों के खिलाड़ी अपने-अपने भार वर्ग में जीत के इरादे से उतरेंगे। प्रतियोगिता के संयोजक शिवम साहू हैं। वहीं, बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट दी जाएगी, जबकि विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सीसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में गुरुवार को आरईपीएल क्रूसेडर्स और ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। सिंह्रा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में आरईपीएल क्रूसेडर्स ने यूथ क्रिकेट क्लब को एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से हराया। यूथ क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में केवल 90 रन ही बना सकी। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरईपीएल क्रूसेडर्स ने बिना कोई विकेट खोए आसानी से जीत हासिल कर ली। इसी मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने कल्पना स्पोर्ट्स फाउंडेशन को 24 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव एकेडमी ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 169 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कल्पना स्पोर्ट्स फाउंडेशन की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 145 रन ही बना सकी। टीम की ओर से द्रव कुशवाहा ने 47 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। इन दोनों मुकाबलों में जीत के साथ आरईपीएल क्रूसेडर्स और ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

### आस्विक और हमदान पहुंचे फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ:** विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरिना में चल रही आइटा टैलेंट सीरीज (अंडर-12) में गुरुवार को बालक एकल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद हमदान ने सातवीं वरीयता प्राप्त अर्णव श्रीवास्तव को कड़े मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच की शुरुआत हमदान के लिए अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहला सेट 5-7 से गंवा दिया, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो सेट 6-1 और 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त आस्विक श्रीवास्तव ने सात्विक जैन को तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-1 से हराया। इस जीत के साथ आस्विक ने भी फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताबी मुकाबले में मोहम्मद हमदान और आस्विक श्रीवास्तव के बीच टक्कर होगी। बा आरिका राज सिंह ने तीसरी वरीयता प्राप्त नव्या रावल को सीधे सेटों में 6-0, 6-2 से हराया।

# अंतरिक्ष में लगा लंबाई बढ़ गई है पृथ्वी पर आते ही सामान्य हो गया

## आसमान से आगे भी है विज्ञान जिसकी कोई सीमा नहीं: शुभांशु शुक्ल

- एनबीआरआई में आयोजित ग्रीष्मकालीन पादप विज्ञान महोत्सव का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरिक्ष में मुझे लगता था कि मेरी लंबाई बढ़ गई है। कभी लगता कि दिल बढ़ा हो गया है। वजन का पता ही नहीं चलता लेकिन पृथ्वी पर वापस आते ही सामान्य हो गया। सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) में आयोजित कार्यक्रम में वायु सेना के ग्रुप कैप्टन और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा। दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन पादप विज्ञान महोत्सव का समापन गुरुवार को किया गया।

समारोह के दौरान संस्थान के शोधार्थियों द्वारा महोत्सव की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस विज्ञान महोत्सव में डिजिटल फोटोग्राफी, मौखिक व्याख्यान एवं पोस्टर प्रस्तुति जैसी विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें संस्थान के लगभग 200 शोधार्थियों ने सहभागिता की। इससे पूर्व, संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शोधार्थी किसी भी अनुसंधान संस्थान की रीढ़ होते हैं। उनके द्वारा किए गए शोध कार्य देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने सभी शोधार्थियों को नवाचार एवं परिवर्तनकारी अनुसंधान कार्यों के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि शुभांशु शुक्ला ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

**ध्यान सत्र का हुआ आयोजन**

वनस्पति उद्यान के सेंट्रल लॉन में शोधार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता को बढ़ावा देने हेतु एक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन लखनऊ स्थित कम्प्लीट क्योर हीलिंग एंड मेडिटेशन इंस्टीट्यूट के रजनीश मिश्रा द्वारा किया गया। जिन्होंने प्रतिभागियों को ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया और एकाग्रता, सृजनात्मकता एवं वैज्ञानिक कार्यक्षमता को बढ़ाने में माइंडफुलनेस के महत्व पर प्रकाश डाला।



एनबीआरआई में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए प्रतिभागी शोध छात्र। अमृत विचार



अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला को मोमेंटो देकर सम्मानित करते एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी। अमृत विचार

### हमें अपने ग्रह के महत्व को समझना चाहिए

- अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से पृथ्वी के अद्भुत सौंदर्य का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें अपने ग्रह के महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने विज्ञान एवं अनुसंधान के उद्देश्य को मानव समाज की समस्याओं के समाधान से जोड़ते हुए माइक्रोग्रेविटी में किए जा रहे अनुसंधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के दौरान सूक्ष्म शैवालों पर किए गए प्रयोगों एवं अन्य वैज्ञानिक अनुसंधानों का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण सामान्य कार्य भी किस प्रकार भिन्न हो जाते हैं। युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान को अधिक रोचक बनाना आवश्यक है, जिससे नई पीढ़ी की रुचि इसमें बढ़े। उन्होंने कहा कि देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए हमें अपने सपनों को भी उतनी ही ऊँचाई देनी होगी। उन्होंने अपने अंतरिक्ष संदेश को दोहराते हुए कहा आसमान की कोई सीमा नहीं होनी चाहिए, न मेरे लिए, न तुम्हारे लिए और न ही भारत के लिए।

# ब्लाइंड क्रिकेट में शकुंतला विश्वविद्यालय का परचम, 3-0 से सीरीज जीतकर लौटी टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भारत के पहले पिकल बाल खिलाड़ी को कुलपति ने किया प्रोत्साहित
- दिव्यांग व सामान्य एक साथ शिक्षा, खेल और तकनीक के क्षेत्र में स्थापित कर रहे नया आयाम

**अमृत विचार:** वाराणसी में आयोजित दिव्य दृष्टि ट्रॉफी अंतर विश्वविद्यालयी ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की टीम ने 3-0 से सीरीज जीतकर खिताब अपने नाम किया। इसके अलावा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय पैरा टेबल टेनिस में विश्वविद्यालय के विवेक सिंह ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया था। विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में गेस्ट फैकल्टी विवेक सिंह भारत के पहले पिकल बाल पैरा खिलाड़ी हैं। जीत के बाद खिलाड़ी लखनऊ लौटे, खिलाड़ियों ने कुलपति आचार्य संजय सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

कुलपति ने सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके जज़्बे और प्रदर्शन की सराहना की। यह टूर्नामेंट ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एमपी थियेटर में आयोजित किया गया था।

> हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर कोई भी बाधा सफलता के रास्ते में रुकावट नहीं बन सकती। विवेक सिंह और ब्लाइंड क्रिकेट टीम की यह जीत पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। साथ ही, हमारे छात्र तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं, जो भविष्य के लिए बहुत प्रेरणादायक है।
>
> –आचार्य संजय सिंह, कुलपति डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

शकुन्तला विवि के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-0 से सीरीज अपने नाम किया है। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार समावेशी शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रहा है। जहां एक ओर दिव्यांग छात्र खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तकनीकी क्षेत्र में भी विद्यार्थी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। हाल ही में बीटेक छात्र अमन कुमार वर्मा को रक्षा क्षेत्र में विकसित 'रक्षक' रोबोट के लिए ग्रांट प्राप्त हुआ है, यह विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार की मजबूत संस्कृति की एक झलक है। यह उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि विश्वविद्यालय में दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थी एक साथ आगे बढ़ते हुए शिक्षा, खेल और तकनीक के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इस दौरान कुलाचिव रोहित सिंह, कुलानुशासक प्रो. सीके दीक्षित, डिप्टी रजिस्ट्रार अनिल मिश्रा, विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो. पी राजीवनयन समेत कई अधिकारी, शिक्षक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

### आयुष्मान त्रिपाठी ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ किया विद्यालय का नाम

**अमृत विचार, लखनऊ:** मोंटफोर्ट इन्टर कॉलेज के आयुष्मान त्रिपाठी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। स्वयं अध्ययन पर फोकस करते हुए नियमित पढ़ाई और रिवीजन करने पर विशेष ध्यान दिया एवं एनसीईआरटी की किताबों से तैयारी की। मोंटफोर्ट स्कूल की ओर से बताया गया कि आयुष्मान ने सैंपल पेपर का नियमित अभ्यास भी किया। पूर्व परीक्षाओं के पेपर्स के पैटर्न को समझते हुए रोड मैप बनाते हुए परीक्षा की तैयारी की। आयुष्मान ने कहा कि मेरे माता पिता ने कभी नंबर के लिए मेरे ऊपर दबाव नहीं डाला, उन्होंने हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया। मैं अपने शिक्षकों के उत्कृष्ट सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए उनका बहुत आभारी हूं।



# सीएमएस में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में तीन दिवसीय मॉडल युनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स का शुभारम्भ हुआ। जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर खुलकर चर्चा-परिचर्चा की। इससे पहले, मुख्य अतिथि कुलदीप पन्त त्रिपाठी, अपर महाधिवक्ता ने कान्फ्रेन्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर त्रिपाठी ने कहा कि यह अत्यन्त ही अभिनव कार्यक्रम है, जो छात्रों के वैश्विक दृष्टिकोण के विकास में महती भूमिका निभाने के साथ ही भावी पीढ़ी को संयुक्त राष्ट्र संघ के लक्ष्यों से सहयोग हेतु प्रेरित करने में बहुत महत्वपूर्ण है। उद्घाटन समारोह में छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस तीन-दिवसीय सम्मेलन में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों जिनमें कुंसकैप्सकोलन स्कूल, जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल, लामार्टिनियर कालेज बॉयज़, वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के साथ ही सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों के छात्र शामिल है। विभिन्न कमेटियों के माध्यम से सम्पन्न हो रही है जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषदपक्षकारों का सम्मेलन और छोटे द्वीपीय राष्ट्र, लोक सभा, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, द सेलेस्टियल काउंसिल, हिस्टोरिकल ज्वाइंट क्राइसिस कमेटी, अंतर्राष्ट्रीय प्रेस और वैश्विक मीडिया शिखर सम्मेलन प्रमुख है।

### केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य संजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि राकेश, आयुष, आनंद, आर्य, रुद्रांश, उत्कर्ष तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए। विद्यालय में राजेश ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

इसी क्रम में आयुष आनंद ने 94 प्रतिशत, रुद्रांश ने 93.8 प्रतिशत, हर्षित राज सिंह ने 93.4 प्रतिशत, उत्कर्ष ने 92 प्रतिशत और मानसी ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए। प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की।

# हाईकोर्ट ने नियुक्ति पत्र जारी करने पर लगाई अंतरिम रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नियमित नेत्र विशेषज्ञ की नियुक्ति का मामला

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नियमित नेत्र रोग विशेषज्ञों (ऑप्टोमेट्रिस्ट) की भर्ती मामले में राज्य सरकार को आदेश दिया है कि अगली सुनवाई तक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र न जारी किये जाएं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 अप्रैल की तिथि नियत करते हुए, राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने सुदीप शुक्ला व 45 अन्य की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याचियों का कहना है कि उन्हें सालों पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत संविदा पर नेत्र विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया था। वे लंबे समय से संविदा पर संतोषजनक रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इस कारण नियमित भर्ती में उनके अनुभव को वरीयता दी जानी चाहिए। लेकिन उनकी मांग को दरकिनार कर नए सिरे से नियमित चयन किये जाने की प्रकिया चल रही है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से बताया गया कि नियमित नेत्र विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और चयन सूची राज्य सरकार को भेज दी गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमों में संविदा कर्मियों को वरीयता देने का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि सरकार की ओर से अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय की भी मांग की गई। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया तथा अंतरिम आदेश देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक चयन प्रक्रिया के तहत किसी भी अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र जारी न किया जाए।



# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में होगी आईपीएल की लाइव स्क्रीनिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। बसंतकुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबलों की लाइव स्क्रीनिंग होगी। गुरुवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया और ट्रायल किया गया। प्रसारण देखने के लिए दर्शकों को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि एलडीए की इस पहल का उद्देश्य शहरवासियों को एक साथ बैठकर मैच का आनंद ले सकें। इससे सामूहिक उत्साह और खेल के प्रति बढ़ावा मिलेगा। दर्शक खुले वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाले प्रोजेक्टर और साउंड सिस्टम के माध्यम से मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। एलडीए प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं संचालित रहें। सुरक्षा, स्वच्छता और दर्शकों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। यह पहल न केवल खेल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगी, बल्कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। आईपीएल मैच की स्क्रीनिंग के दौरान राष्ट्र प्रेरणा स्थल के बंद होने के समय को बढ़ाएंगे। इस सुविधा को शुरू करने के लिए गुरुवार रात आईपीएल मैच की स्क्रीनिंग का ट्रायल रन किया गया, जो की पूरी तरह सफल रहा।




बसंतकुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आईपीएल की लाइव स्क्रीनिंग। अमृत विचार

### केजीएमयू कुलपति आवास से चंदन चोरी मामले में जांच पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के कुलपति आवास से चंदन के दो बड़े पेड़ चोरी होने के मामले की जांच गुरुवार को पूरी हो गई। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी है, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। घटना जुलाई 2025 की है, जब कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी के बावजूद चोर कुलपति आवास परिसर से चंदन के पेड़ काटकर ले गए थे। इस घटना के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे और कुलपति के निर्देश पर जांच कमेटी गठित की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि सुरक्षा कर्मी सतर्क रहते तो यह घटना रोकी जा सकती थी। कमेटी ने सुरक्षा एजेंसी की जिम्मेदारी तय करते हुए उस पर आर्थिक दंड लगाने की सिफारिश की है। अनुमानित नुकसान के आधार पर करीब 19 लाख रुपये की वसूली की बात कही गई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि एजेंसी से 19 लाख रुपये की वसूली की जाएगी।

## सिटी डायरी



कार्यशाला के मौके पर मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल व अन्य।

### सुरक्षित निवेश के उपाय बताए

**अमृत विचार, लखनऊ:** निवेश के सुरक्षित विकल्पों के चयन, वित्तीय नियोजन और निवेशक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागार में वित्तीय साक्षरता व निवेशक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम 'एवोक इंडिया फाउंडेशन' की ओर से आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक प्रदीप पांडेय ने वित्तीय अनुशासन के महत्व, समझदारी से निवेश करने के तरीकों और निवेश से जुड़े जोखिमों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल माध्यमों से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक उपाय भी साझा किए। वहीं मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार द्विवेदी ने वित्तीय प्रबंधन के मूल सिद्धांतों, सुरक्षित निवेश विकल्पों और जोखिम प्रबंधन पर उपयोगी सुझाव दिए। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं कर्मचारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण।



भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

### एसकेडी एकेडमी का शत-प्रतिशत परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ:** एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है। विद्यालय के मेधावी छात्र यथार्थ कुशवाहा ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विनायक मिश्रा ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कनक सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जुलाई माह में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने इस उपलब्धि को टीम वर्क का परिणाम बताते हुए सभी को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षाएं शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गायन, वादन एवं नृत्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिप्लोमा की वार्षिक परीक्षाएं गुरुवार को शुरू हो गईं। परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में प्रथम पाली में आयोजित की जा रही हैं, जो 18 अप्रैल तक चलेंगी। इन परीक्षाओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कक्ष निर्धारण, समय-सारिणी, पर्यवेक्षण एवं अन्य व्यवस्थाओं को समय से क्रियान्वित किया गया है। विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. रुचि खरे ने बताया कि परीक्षाओं के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



शिक्षा माफियाओं के खिलाफ मार्च निकालते किसान नेता।

### अवध किसान यूनियन का पैदल मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय किसान यूनियन (अवध) राजू गुप्ता संगठन ने गुरुवार को सुभाष चौक से जीपीओ तक पैदल मार्च निकालकर शिक्षा माफियाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 25% प्रवेश का नियम लागू नहीं हो रहा। निजी संस्थानों पर मनमानी फीस वृद्धि, किताब-ड्रेस की बाध्यता और कम अंक पर छात्रों को निकालने का आरोप लगाया।